राजकीय महाविद्यालय, हिन्दुमलकोट, जिला श्रीगंगानगर

Email- gchindumalkot@gmail.com, Phone 0154-2440056

क्रमांक जीसीजी/2022/2316 दिनांक 22.08.2022

विज्ञप्ति

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के पत्र क्रमांक एफ1()विद्या सम्बल/आकाशि/गे.फै. /दिशा निर्देश/21/81 दिनांक 14.07.2022एवं वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक प.6(2)वित्त/सा.वि.ले.नि./2021 दिनांक 30.03.2021 की अनुपालना में महाविद्यालयों में अध्ययन व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा "विद्या संबल योजना" के अन्तर्गत निम्न विषयों में पात्र व्यक्तियों से गेस्ट फेकल्टी के रूप में परिपत्र के बिन्दु संख्या 4 (क) में वर्णित स्तर से बिन्दु संख्या 5 मे वर्णित देय मानदेय पर बजट की उपलब्धता की शर्त के अध्याधीन आवेदन दिनांक 03.09.2022 सांयकाल 03:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। पात्र अभ्यर्थी मूल आवेदन मय संलग्नक व्यक्तिशः या डाक द्वारा प्रेषित कर सकते है। ई–मेल से प्राप्त आवेदन स्वीकार नही होगें इस हेतु महाविद्यालय शिक्षा सेवा नियम 1986 में सहायक आचार्य के पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यताधारी निजी अभ्यर्थी ही आवेदन करें। निजी अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष होगी। गेस्ट फेकल्टी में आमंत्रित शिक्षकों से केवल कालांश के आधार पर अध्यापन कार्य करवाया जावेगा। गेस्ट फेकल्टी से निर्धारित शपथ पत्र भरवाकर लिया जावेगा। आवेदन पत्र का प्रारूप, न्यूनतम योग्यता, शर्तें, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर आदि द्वारा आदेश/माननीय न्यायालय के फैसलों के अनुरूप होगी। आवेदन का प्रारूप व अन्य जानकारी महाविद्यालय की वेबसाईट– https://hte.rajasthan.gov.in/college/gchindumalkot पर उपलब्ध है।

क्र. सं.	विषय का नाम	रिक्तियों की संख्या
1	हिन्दी साहित्य	01
2	राजनीतिक विज्ञान	01
3	इतिहास	01
4	भूगोल	01

(बलवंत सिंह रतन)
नोडल प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय, हिन्दुमलकोट

क्रमांक जीसीजी/2022/2316 दिनांक 22.08.2022

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. श्रीमान् आयुक्त आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
2. नोटिस बोर्ड जिला कलक्टर कार्यालय, नगर परिषद्, जिला परिषद्, श्रीगंगानगर, बस स्टेड, रेलवे स्टेशन, पंचायत समिति हिन्दुमलकोट, एवं नोटिस बोर्ड महाविद्यालय।
3. संयोजक विद्या संबल योजना समिति महाविद्यालय।
4. रक्षित पत्रावली।

(बलवंत सिंह रतन)
नोडल प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय, हिन्दुमलकोट

Scanned with CamScanner

कार्यालयः– नोडल प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, हिन्दुमलकोट श्रीगंगनगर
Email- gchindumalkot@gmail.com, Phone 0154-2440056

विद्या संबल योजना (सत्र 2021–22)
गेस्ट फैकल्टी के लिए पंजीकरण हेतु प्रारूप

आवेदित विषय –.....

1. नाम : .....
2. पिता का नाम : .....
3. जन्म दिनांक : .....
4. श्रेणी : (SC/ST/OBC/GEN/EWS) : .....
5. मोबाइल नम्बर : ....
6. स्थायी पता : .....
7. मेल आईडी : .....
8. शैक्षणिक योग्यता : (अंकतालिका प्रति संलग्न करें)

क्र. सं.	उपाधि	उत्तीर्ण वर्ष	बोर्ड / विश्वविद्यालय	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत
1	10वीं					
2	12वीं					
3	स्नातक					
4	स्नातकोत्तर					
5	एम.फिल.					
6	पीएच.डी.					
7	जे.आर.एफ. सहित नेट					
8	नेट					
9	स्लेट / सेट					

9. शोध प्रकाशन (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा सूचीबद्ध अथवा सहकर्मी द्वारा समीक्षित जर्नल) प्रति संलग्न करें।

क्र. सं.	शोध पत्र शीर्षक	शोध पत्रिका का नाम	वर्ष	(ISBN/ISSN No.)
1				
2				
3				

Scanned with CamScanner

10. शिक्षण अथवा अन्य अनुभव (सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करें)

.....

.....

.....

.....

.....

11. पुरस्कार (सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करें)
अन्तर्राष्ट्रीय/ राष्ट्रीय स्तर/राज्य स्तरीय(अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों/भारत सरकार/भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय स्तर के निकायों द्वारा दिये गये पुरस्कार)

क्र. स.	पुरस्कार	वर्ष	संस्था का नाम
1			
2			
3			

दिनांक :

हस्ताक्षर

आवेदक का नाम

घोषणा पत्र

मैं श्री/श्रीमती/कुमारी.....पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री..... शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा आवेदन–पत्र में भरी गई सूचनाएं पूर्णतया सत्य हैं तथा कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। यदि इन सूचनाओं में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो मैं स्वयं इसके लिए उत्तरदायी हूँ। विज्ञप्ति मे वर्णित परिपत्र की समस्त शर्तों का मेरे द्वारा अध्ययन कर लिया गया है एवं मैं उक्त सभी शर्तों की पालना करने का वचन देता/देती हूँ।

संलग्न दस्तावेजों की सूचि (स्वयं प्रमाणित)

1. आधार कार्ड
2. .....
3. .....
4. .....
5. .....
6. .....
7. .....

हस्ताक्षर

(शपथ ग्रहीता)

आवेदन पत्र प्रस्तुत करने का स्थान :– कार्यालय प्राचार्य, डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय, श्रीगंगानगर

Scanned with CamScanner

राजस्थान सरकार
शिक्षा-विभाग
आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक एफ.( ) विद्या सम्बल / आकाशि / गेस्ट / दिशा निर्देश / 21/81 दिनांक 14/7/22

प्राचार्य, नोडल अधिकारी
समस्त राजकीय महाविद्यालय

विषय:- विद्या सम्बल योजना के अन्तर्गत अध्यापन कार्य हेतु गेस्ट फैकल्टी आमंत्रित करने हेतु।
संदर्भ:- वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक प.6(2) वित्त/साविलेनि/2021 दिनांक [illegible].2021

महोदय,

वित्त विभाग के संदर्भित परिपत्र के क्रम में लेख है कि विद्या संबल योजना शैक्षणिक संस्थाओं में अध्यापन कार्य हेतु विषय विशेषज्ञ अनुभवी व्यक्तियों से स्वीकृत पदों में रिक्त पदों पर आवश्यकतानुसार गेस्ट फैकल्टी के रूप में कार्य लेने की (Enabling Scheme) योजना है। इस योजनान्तर्गत प्रत्येक शैक्षिक सत्र आरम्भ होने से पूर्व स्वीकृत पदों की सीमा के अन्तर्गत रिक्त पदों की सीमा तक तथा विशेष विषय विभाग में enrolment की संख्या को ध्यान में रखते हुए आवश्यकता अनुसार आकलन करते हुए तथा स्वीकृत पदों को [illegible] आवश्यकतानुसार विद्या संबल योजना में दी गई पात्रता की पालना करते हुए ऐसे महाविद्यालय जो वर्ष 2019, 2020, 2021 तथा 2022 में नवीन सृजित हुए हैं व ऐसे महाविद्यालय जिनमें विषय विशेष के स्वीकृत पदों में से 60 प्रतिशत पद रिक्त हैं में गेस्ट फैकल्टी से अध्यापन कार्य करवाने के संबंध में दिशा निर्देश निम्नानुसार होंगे-

1. विभिन्न महाविद्यालयों में अध्यापन व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिये राज्य सरकार द्वारा "विद्या संबल योजना" के अन्तर्गत विषय विशेषज्ञ तथा अनुभवी व्यक्तियों को गेस्ट फैकल्टी आमंत्रित कर अध्यापन कराने हेतु वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक प.6(2) वित्त/साविलेनि/2021 दिनांक [illegible] 2021 में दिये गये दिशा निर्देशों के क्रम में गेस्ट फैकल्टी के द्वारा अध्यापन व्यवस्था वित्त विभाग द्वारा जारी उपर्युक्त वर्णित परिपत्र के बिंदु संख्या 4 (क) में वर्णित दर से परिपत्र के बिंदु संख्या 5 में वर्णित [illegible] मानदेय पर बजट की उपलब्धता की शर्त के अध्याधीन की जा सकेगी।

2. ऐसे महाविद्यालय जिनमें विषय विशेष के स्वीकृत पदों में से 60 प्रतिशत पद रिक्त हैं में अध्यापन गेस्ट फैकल्टी के माध्यम से करवाया जा सकेगा।

3. वर्ष 2019, 2020, 2021 एवं 2022 में नवसृजित महाविद्यालयों में गेस्ट फैकल्टी की व्यवस्था नोडल महाविद्यालय द्वारा की जायेगी।

4. वर्तमान में प्रभावी महाविद्यालय शिक्षा नियम 1986 में सहायक आचार्य के पद हेतु वर्णित शैक्षणिक योग्यताएं पूर्ण करने वाला ऐसा अभ्यर्थी जो आवेदन करते समय 21 वर्ष की आयु पूर्ण करता हो [illegible] गेस्ट फैकल्टी के तौर पर आमंत्रित किया जाए।

5. स्थानान्तरण/नवीन नियुक्ति द्वारा रिक्त पद के भर जाने पर गेस्ट फैकल्टी की व्यवस्था स्वतः समाप्त मानी जावेगी तथा किसी विषय में एक से अधिक शिक्षक के होने पर आमंत्रित शिक्षकों को आमंत्रित करने हेतु बनायी गयी वरीयता सूची में सबसे नीचे स्थान वाले शिक्षक को सबसे पहले मुक्त किया जायेगा।

6. विशेष परिस्थितियों में किसी महाविद्यालय का विषय विशेष में अध्यापन व्यवस्था हेतु विद्या संबल योजना में गेस्ट फैकल्टी की आवश्यकता होने पर आयुक्तालय से गेस्ट फैकल्टी की अनुमति हेतु मांग

Scanned with CamScanner

की जा सकेगी। महाविद्यालय द्वारा मांग प्राप्त होने पर सक्षम स्तर से निर्णय लेकर गेस्ट फैकल्टी आवश्यक पुनः की जा सकेगी।

• गेस्ट फैकल्टी पर आमंत्रित विद्वान केवल कालखंड के आधार पर अध्यापन कार्य की व्यवस्था हेतु है। कोई प्रशासनिक कार्य नहीं सौंपा जाना है।

8 ये दिशा निर्देश मात्र शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु ही है।

9 मा० उच्च न्यायालय द्वारा विद्या संबल योजना के अन्तर्गत अध्यापन करवाने वाली पूर्व गेस्ट फैकल्टी रिट के मामले में माननीय न्यायालय द्वारा निर्देश प्रदान करते हुये आदेशित किया है कि –

" In the meanwhile respondants shall not engage any one else in place of the petitioners in 'Vidhya Sambal Yojna'". माननीय न्यायालय के अंतिम आदेश के प्रभावी रहने तक माननीय न्यायालय के आदेश की पालना सुनिश्चित की जानी है।

10 विद्या संबल योजना के अन्तर्गत पैनल तैयार करने हेतु पीएच.डी. उपाधिधारकों के संबंध में निम्न प्रावधान के अनुसार कार्यवाही की जानी है:-

दिनांक 11.07.2009 से पूर्व एम.फिल/ पीएच.डी. हेतु पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों को प्रदान की जाने वाली डिग्री संबंधित संस्थानों के तत्कालीन अध्यादेश/उपनियमों/विनियमों के द्वारा अभिशासित होगी और पीएच.डी. डिग्रीधारक अभ्यर्थियों को निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने के अध्यधीन महाविद्यालयों में सहायक आचार्य पद भर्ती एवं नियुक्ति हेतु उन्हें नेट/स्लेट/सेट न्यूनतम पात्रता शर्त की अनिवार्यता से छूट प्राप्त होगी–

(a) अभ्यर्थी को केवल नियमित पद्धति से पीएच.डी. प्रदान की गई हो.

(b) कम से कम दो बाहरी परीक्षकों द्वारा शोध प्रबंध का मूल्यांकन किया गया हो।

(c) अभ्यर्थी का मुक्त मौखिक परीक्षा आयोजित की गई हो।

(d) अभ्यर्थी ने अपने पीएच.डी. शोध कार्य में से दो शोध पत्र प्रकाशित किये है जिनमें से कम से कम एक एक संदर्भित जर्नल पत्रिका में प्रकाशित हुये हो।

(e) अभ्यर्थी ने अपने पीएच.डी. शोध कार्य में से दो पेपर संगोष्ठियों/सम्मेलनों में प्रस्तुत किये हो।

उपरोक्त (a) से लेकर (e) तक कुलपति/संकाय अध्यक्ष (शैक्षणिक कार्यो/संकाय अध्यक्ष (विश्वविद्यालय शिक्षण)) द्वारा प्रमाणित किया गया हो।

11 विद्या संबल योजना हेतु पैनल बनाने के लिए स्थानीय स्तर पर संक्षिप्त विज्ञप्ति, प्रेस नोट एवं सार्वजनिक स्थानों पर सूचना चस्पा करनी है तथा महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड एवं वेबसाइट पर विस्तृत दिशा निर्देश देकर आवेदन आमंत्रित करने है। यदि पैनल बनाने हेतु पर्याप्त आवेदन प्राप्त नहीं होते है तो पुनः विज्ञापन देने से पूर्व नोडल/जिला स्तरीय महाविद्यालयों में प्राप्त आवेदन मंगवाकर विद्या संबल का पैनल तैयार किया जाना है।

12 गेस्ट फैकल्टी का पैनल तैयार करने हेतु दिशा निर्देश –

Scanned with CamScanner

(A) वित्त विभाग के परिपत्र के बिंदु संख्या 4 (क) में वर्णित [illegible] महाविद्यालय [illegible] के आधार पर आवश्यकता का आकलन करें। [illegible]

(B) आवेदन पत्र की [illegible] महाविद्यालयों स्तर / नोडल महाविद्यालय स्तर पर [illegible] अनुक्रमांक द्वारा [illegible] के लिए निर्धारित एवं संशोधित विषय विशेष [illegible] परीक्षण कर पात्र अभ्यर्थियों की वरीयता सूची के आधार पर पैनल तैयार किया जावे।

(C) प्रत्येक [illegible] हेतु पात्र अभ्यर्थियों का [illegible] पैनल तैयार किया जाए [illegible] विरुद्ध यथासंभव न्यूनतम 3 अभ्यर्थियों का पैनल तैयार किया जायेगा।

(D) यह व्यवस्था पूर्ण रूप से अस्थायी तथा एक सेमेस्टर या एक सत्र के लिये है तथा भविष्य में इस व्यवस्था के आधार पर नियमित नियुक्ति हेतु दावा नहीं किया जा सकता।

(E) इस योजना के तहत गेस्ट फैकल्टी पर रखे जाने वाले अभ्यर्थियों से निर्धारित शपथ पत्र (परिपत्र के साथ संलग्न शपथ पत्र) भरवाकर लिया जायेगा।

(F) गेस्ट फैकल्टी के कार्य का संतोषजनक कार्य सत्यापन के आधार पर ही प्रतिमाह भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।

(G) किसी महाविद्यालय में किसी विषय विशेष हेतु यदि कोई भी पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने पर DRAC प्रभारी जिले के महाविद्यालयों के तैयार पैनल में से शेष रहे अभ्यर्थियों में से वरीयता क्रम में महाविद्यालय में अध्यापन व्यवस्था हेतु कालांश आधारित गेस्ट फैकल्टी का आवंटन अपने स्तर से किया जाकर इसकी सूचना आयुक्तालय प्रेषित करें।

13. पैनल का अनुमोदन पूर्व की भांति संयुक्त निदेशक एस.आर.डी. की ई-मेल से ही किया जायेगा।

14. विभाग द्वारा विद्या संबल हेतु गत वर्ष प्रदान शेष निर्देश पूर्ववत रहेंगे।

आयुक्त
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

संलग्न –

1. वित्त विभाग का परिपत्र क्रमांक प.6(2) वित्त / सा.वि.ले.नि. / 2021 दिनांक 30.03.2021
2. गेस्ट फैकल्टी से लिया जाने वाला शपथ पत्र।
3. पैनल तैयार करने हेतु वरीयता के मानदण्ड।
4. महाविद्यालय शिक्षा सेवा नियम 1986 कि संबंधित नियमों की प्रति।
5. प्रभारी अधिकारी, आई.टी. सैल कृपया अपलोड करें।

14.7.2022

संयुक्त निदेशक
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर

Scanned with CamScanner

राजस्थान सरकार
वित्त (सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम) विभाग

क्रमांक : प.6(2)वित्त/सावित्लेनि/2021 जयपुर, दिनांक 30-03-2021

परिपत्र

विषय : विभिन्न विभागों द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों–विद्यालयों, महाविद्यालयों, आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में विषय विशेषज्ञ अनुभवी व्यक्तियों को गैस्ट फैकल्टी के रूप में लेने के लिये "विद्या संबल योजना" के संबंध में दिशा–निर्देश एवं प्रक्रिया।

विभिन्न विभागों में शिक्षण कार्यों में शिक्षकों/प्रशिक्षकों के रिक्त पद होने के कारण नियमित अध्यापन कार्य में व्यवधान उत्पन्न होता है एवं विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इन संस्थानों में अध्यापन व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए **"विद्या संबल योजना"** लागू की जा रही है, जिसके क्रम में निम्नांकित सामान्य निर्देश जारी किए जाते हैं :–

1. विभाग द्वारा प्रतिवर्ष शैक्षिक सत्र आरंभ होने से पूर्व रिक्त पदों का आंकलन किया जाएगा। इन पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु अभ्यर्थना तैयार कर भर्ती हेतु निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए भर्ती संस्था को भेजी जाएगी। नियुक्ति प्रक्रिया में विलंब को देखते हुए विभाग नियमों में प्रावधित अत्यावश्यक अस्थाई आधार पर नियुक्ति की प्रक्रिया भी पृथक् से आरंभ कर सकेगा।

   इन दोनों प्रक्रियाओं के पूर्ण होने में लगने वाले समय को ध्यान में रखते हुए विभाग गैस्ट फैकल्टी के माध्यम से अध्यापन कार्य निम्न निर्देशों का पालन करते हुए करा सकेंगे।

2. गैस्ट फैकल्टी केवल स्वीकृत रिक्त पद के विरूद्ध ली जा सकेगी। विभाग का मुख्यालय जिलेवार और संस्थावार गैस्ट फैकल्टी की आवश्यकता का आंकलन कर प्रत्येक जिला मुख्यालय पर विभाग का नोडल अधिकारी मनोनीत कर, यह विवरण नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराएगा।

3. संबंधित सेवा नियमों में अंकित योग्यता आदि की पात्रता रखने वाले सेवानिवृत कार्मिक/निजी अभ्यर्थियों को गैस्ट फैकल्टी के रूप मे लगाया जा सकेगा।

4. गैस्ट फैकल्टी/चयन प्रक्रिया :

   (क) संस्थान प्रधान सीधे ही अपने स्तर पर संस्था मे रिक्त चल रहे पदों पर संबंधित सेवा नियमों में अंकित योग्यता आदि की पात्रता रखने वाले सेवानिवृत कार्मिक/निजी अभ्यर्थियों का परिपत्र मे वर्णित दरों पर बजट उपलब्धता की शर्त के अध्यधीन गैस्ट फैकल्टी रख सकेंगे।

अथवा

Room No. 5128, First Floor, Main Building, Government Secretariat, Jaipur (Raj.) - 302005
Phone No. 0141-2227921 www.finance.rajasthan.gov.in E-mail - jsfgt@rajasthan.gov.in
Order-circulars w.e.f.1.2.2021

Scanned with CamScanner

(ख) जिलास्तरीय समिति के माध्यम से

I. प्रत्येक जिले में एक जिला स्तरीय समिति होगी जिसके अध्यक्ष जिला कलक्टर अथवा उनके द्वारा मनोनीत अधिकारी होंगे। इस समिति का सदस्य सचिव संबंधित विभाग का जिला स्तरीय अधिकारी अथवा विभागीय मोडल अधिकारी होगा।

II. शैक्षिक सत्र के आरम्भ होने से पूर्व जिला मुख्यालय पर उक्त समिति द्वारा सार्वजनिक सूचना तैयार कर निर्धारित योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों से ब्लॉकवार-संस्थावार आवेदन आमंत्रित किये जायेंगे। उक्त समिति निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक परीक्षा में प्राप्त प्राप्तांकों के आधार पर वरीयता सूची तैयार करेगी तथा वरीयता सूची के आधार पर गैस्ट फैकल्टी की सेवाए वरीयता क्रम में उनकी उपलब्धता के आधार पर ली जायेगी।

II. चयन समिति का संबंधित विभाग के लिए जिला स्तर पर योग्य अभ्यर्थियों का पैनल तैयार किया जाएगा। प्रत्येक रिक्ति के विरूद्ध यथासंभव 3 अभ्यर्थियों का पैनल तैयार किया जाएगा। यह पैनल ब्लॉकवार होगा जिसमें विषयवार, कक्षावार आवश्यकता का ध्यान रखा जाएगा।

5. गैस्ट फैकल्टी हेतु देय मानदेय की दरें :

विद्यालय/प्रशिक्षण संस्थान :

पद (अध्यापक/प्रशिक्षक)	कक्षा	प्रति घंटा मानदेय	अधिकतम मासिक मानदेय
ग्रेड-III	1 से 8	300/-	21000/-
ग्रेड-II	9 से 10	350/-	25000/-
ग्रेड-I	11 से 12	400/-	30000/-
अनुदेशक	-	300/-	21000/-
प्रयोगशाला सहायक	-	300/-	21000/-

विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/तकनीकी महाविद्यालय/पॉलिटेक्निक कॉलेज :

पद	प्रति घंटा मानदेय	अधिकतम मासिक मानदेय
सहायक आचार्य	800/-	45000/-
सह आचार्य	1000/-	52000/-
आचार्य	1200/-	60000/-

6. गैस्ट फैकल्टी की सेवाएं लिये जाने हेतु विभाग द्वारा समुचित शर्तों का समावेश करते हुए संलग्न प्रारूप अनुसार शपथ-पत्र लिया जाना सुनिश्चित किया जावेगा।

Scanned with CamScanner

7. गैस्ट फैकल्टी के कार्य की समुचित मॉनिटरिंग की व्यवस्था कर उनके संतोषजनक कार्य सत्यापन के आधार पर भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।

8. रिक्त पद भरे जाने पर उपरोक्त व्यवस्था स्वत: समाप्त समझी जावेगी।

9. चूंकि छात्रावासों में शिक्षकों के पद सृजित नहीं होते हैं, अत: छात्रावासों में कठिन विषयों की कोचिंग के लिए रिक्त पदों संबंधी बाध्यता नहीं होगी। कोचिंग के लिए संस्था प्रधान सीधे ही अपने स्तर से अथवा उक्त चयन प्रक्रिया का पालन करते हुए इस हेतु उपलब्ध बजट प्रावधान सीमा तक तथा बिंदु संख्या 5 में वर्णित दरों के अनुसार भुगतान कर सकेंगे।

(डॉ. पृथ्वी)
शासन सचिव, वित्त (बजट)

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. सचिव, राज्यपाल / प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री / विशेष सहायक समस्त मंत्रीगण / राज्य मंत्रीगण ।
2. उप सचिव, मुख्य सचिव / निजी सचिव, समस्त अति. मुख्य सचिव / प्रमुख शासन सचिव / शासन सचिव / विशेष शासन सचिव ।
3. सचिव, राजस्थान विधानसभा, राजस्थान, जयपुर ।
4. सचिव, लोकायुक्त सचिवालय, राजस्थान, जयपुर ।
5. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर ।
6. रजिस्ट्रार, राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर / जयपुर ।
7. प्रधान महालेखाकार ए एण्ड ई राजस्थान जयपुर ।
8. प्रधान महालेखाकार ऑडिट राजस्थान जयपुर ।
9. समस्त समुक्त शासन सचिव / उप शासन सचिव / सचिवालय के समस्त अनुभाग / विभाग ।
10. समस्त विभागाध्यक्ष / जिला कलक्टर / संभागीय आयुक्त।
11. रजिस्ट्रार, राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर ।
12. समस्त वित्तीय सलाहकार / मुख्य लेखाधिकारी ।
13. समस्त कोषाधिकारी ।
14. समस्त उपायन संस्थाएं।
15. तकनीकी निदेशक वित्त विभाग को भेजकर लेख है परिपत्र को वित्त विभाग की वेबसाईट पर प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करावे।
16. रक्षित पत्रावली।

(विमल कुमार गुप्ता)
संयुक्त शासन सचिव

(GF&AR - 04 /2021)

Room No. 5128, First Floor, Main Building, Government Secretariat, Jaipur (Raj.) - 302005
Phone No. 0141-2227921 www.finance.rajasthan.gov.in E-mail - jsfat@rajasthan.gov.in
Order-circulars w.e.f 1.2.2021

Scanned with CamScanner

प्रारूप

शपथ–पत्र

मैं श्री/श्रीमती/कुमारी.. पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री.......... ....विभाग.. (संस्थान का नाम) में दिनांक................को गेस्ट फैकल्टी के रूप में अपनी उपस्थिति दे रहा हूं/दे रही हू।

1. यह है कि मैंने..............................विभाग/संस्थान द्वारा जारी विज्ञापन दिनांक.... ....के क्रम में अपना आवेदन प्रस्तुत किया है तथा मैंने विज्ञापन में वर्णित शर्तों को पढ़ व समझ लिया है तथा उन शर्तों की पालना हेतु वचनबद्ध हू।

2. यह है कि मैंने राजस्थान सरकार के वित्त (सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम) विभाग के परिपत्र क्रमांक प.6 (2)वित्त/साविलेनि/2021 दिनांक...............को अच्छे से पढ/समझ लिया है।

3. यह कि मेरे द्वारा आवेदन पत्र में भरी गयी समस्त सूचनाएं पूर्णतया सत्य हैं तथा कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है।

4. यह कि मेरे द्वारा जमा किये गये समस्त शैक्षिक/प्रशिक्षण संबंधी मूल अभिलेख एवं अन्य दस्तावेज जो विभाग द्वारा अपेक्षित हैं (यथा पहचान पत्र जो आवेदन पत्र में अंकित हो, न्यूनतम शैक्षिक पात्रता परीक्षा में प्राप्त प्राप्तांक, निवास, जाति, विकलांगता, भू.पू.सै. स्वयं से संबंधित प्रमाण पत्र) पूर्णतया सही हैं।

5. यह कि मेरे द्वारा प्रस्तुत किये गये समस्त मूल अभिलेख एवं अन्य सूचनाएं यदि जांच के दौरान कूटरचित/फर्जी अथवा गलत पायी जाती है तो मुझे गैस्ट फैकल्टी से निर्मुक्त कर दिया जाएगा। जिला स्तरीय समिति के empellement से निर्मुक्त करते हुए मेरे विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही मुझे स्वीकार्य होगी जिसके लिए किसी भी न्यायालय मे वाद दायर नहीं करूंगा/करूंगी।

6. यह है कि मैं कार्य निष्पादन के दौरान निर्धारित उच्च मानदंडों के अनुसार अपनी सेवाएं प्रदान करूंगा/करूंगी तथा यदि मैं इसका उल्लंघन करता हूं/करती हूं तो संस्था एकतरफा कार्यवाही हेतु स्वतंत्र तथा अधिकृत होगी।

Scanned with CamScanner

7. यह कि मैं जिला आवंटित होने के उपरांत स्थान परिवर्तन की मांग नहीं करूंगा/करूंगी।

8. यह है कि मैं इस तथ्य से भलिभांति अवगत हूं कि जिस रिक्त पद के विरूद्ध शपथग्रहिता को गैस्ट फेकल्टी रखा गया है, उस पद पर नियमित नियुक्ति की दिनाक से ही उपर्युक्त व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जावेगी।

9. यह है कि मैंने यह अच्छे से समझ लिया है कि यह व्यवस्था पूर्ण रूप से अस्थायी तथा एक सेमेस्टर या एक सेशन के लिये है तथा भविष्य में इसको आधार पर नियमित नियुक्ति का दावा नही करूंगा/करूंगी।

10. इस व्यवस्था से नियमित नियुक्ति या अन्य किसी भी कारण से मुझे यदि गैस्ट फैकल्टी के रूप में नहीं बुलाया जाता है तो मेरे द्वारा न्यायिक या प्रशासनिक स्तर पर कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया जायेगा।

11. मैं राज्य सरकार/विभाग/संस्थान द्वारा समय-समय पर जारी नियमों/निर्देशों की पूर्ण पालना करूंगा/करूंगी।

12. यह कि मुझे केन्द्र सरकार या किसी अन्य राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी अथवा समुचित प्राधिकारी के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी निगम या निकाय अथवा विभाग द्वारा पदच्युत नहीं किया गया है तथा नैतिक अधमता अथवा किसी अन्य अपराध के लिए दोष सिद्ध नहीं किया गया है और न ही कोई आपराधिक प्रकरण न्यायालय में लंबित है।

13. मैंने यह समझ लिया है कि निम्न कार्य कुशलता, दुराचरण, अनियमितता तथा कार्य से अनुपस्थिति की दशा में संस्थान या सक्षम अधिकारी को बिना कारण बताये मुझे गैस्ट फैकल्टी के रूप में निर्मुक्त करने का अधिकार होगा।

14. मैं राजकीय अभिलेख तथा सूचनाओं की गोपनीयता बनाये रखूंगा तथा इसका उल्लंघन करने पर नियमानुसार दण्डीय कार्यवाही का उत्तरदायी होउंगा।

शपथग्रहिता

सत्यापन

मैं शपथपूर्वक बयान करता हूं/करती हूं कि उपर्युक्त वर्णित बिंदु संख्या 1 से 14 में वर्णित तथ्य/सूचना मेरी जानकारी में सही तथा सत्य हैं, मैंने इनको भलिभांति पढ़ तथा समझ लिया है, मैंने कुछ भी असत्य व्यक्त नहीं किया है तथा न ही कुछ छिपाया है। यदि भविष्य मे कोई सूचना/तथ्य असत्य या अपूर्ण सिद्ध होता है तो मैं स्वयं इसके लिये उत्तरदायी रहूंगा।

शपथग्रहिता

Scanned with CamScanner

प्रारूप

शपथ पत्र

मैं श्री / श्रीमती / कुमारी .... पुत्र / पुत्री / पत्नी श्री ....
निवासी (संस्थान का नाम) में दिनांक को गेस्ट फैकल्टी के रूप में अपनी उपस्थिति दे रहा हूँ / दे रही हूँ।

1 यह है कि मैंने विभाग / संस्थान द्वारा जारी विज्ञापन दिनांक के क्रम में अपना आवेदन प्रस्तुत किया है तथा मैंने विज्ञापन में वर्णित शर्तों को पढ़ व समझ लिया है तथा उन शर्तों की पालना हेतु वचनबद्ध हूँ।

2 यह है कि मैंने राजस्थान सरकार के वित्त (सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम) विभाग के परिपत्र क्रमांक प.6(2) वित्त सा.वि.लनि 2021 दिनांक .... को अच्छे से पढ़ / समझ लिया है।

3 यह कि मेरे द्वारा आवेदन पत्र में भरी गयी समस्त सूचनाएं पूर्णतया सत्य है तथा कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है।

4 यह कि मेरे द्वारा जमा किये गये समस्त शैक्षिक / प्रशिक्षण संबंधी मूल अभिलेख एवं अन्य दस्तावेज ... विभाग द्वारा अपेक्षित है (यथा पहचान पत्र जो आवेदन पत्र में अंकित हो, न्यूनतम शैक्षिक योग्यता परीक्षा में प्राप्त प्राप्तांक, निवास, जाति, विकलांगता, भूपूसै स्तर से संबंधित प्रमाण पत्र) पूर्णतया सत्य है।

5 यह कि मेरे द्वारा प्रस्तुत किये गये समस्त मूल अभिलेख एवं अन्य सूचनाएं यदि जांच के दौरान कूटरचित / फर्जी अथवा गलत पायी जाती है तो मुझे गेस्ट फैकल्टी से निर्मुक्त कर दिया जाएगा। जिला स्तरीय समिति के empeliement से निर्मुक्त करते हुए मेरे विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही मुझे स्वीकार्य होगी जिसके लिए किसी भी न्यायालय में वाद दायर नहीं करूंगा / करूंगी।

6 यह है कि मैं कार्य निष्पादन के दौरान निर्धारित उच्च मानदंडों के अनुसार अपनी सेवाएं प्रदान करूंगा / करूंगी तथा यदि मैं इसका उल्लंघन करता हूँ / करती हूँ तो संस्था एक तरफा कार्यवाही को स्वतंत्र तथा अधिकृत रहेगी।

7 यह कि मैं स्थान परिवर्तन की मांग नहीं करूंगा / करूंगी।

8 यह है कि मैं इस तथ्य से भलिभांति अवगत हूँ कि जिस रिक्त पद के विरुद्ध शपथग्रहिता को गेस्ट फैकल्टी पर रखा गया है उस पद के स्थानान्तरण / नवीन नियुक्ति द्वारा रिक्त पद के भरे जाने पर गेस्ट फैकल्टी की व्यवस्था स्वतः समाप्त समझी जावेगी तथा किसी विषय में एक से अधिक शिक्षक होने पर आमन्त्रित शिक्षकों को उनकी बनायी गयी वरीयता सूची में सबसे नीचे स्थान वाले शिक्षक को सबसे पहले मुक्त किया जायेगा।

9 यह है कि मैंने यह अच्छे से समझ लिया है कि यह व्यवस्था पूर्ण रूप से अस्थायी तथा एक सेमेस्टर या एक सत्र के लिए है तथा भविष्य में इसके आधार पर नियमित नियुक्ति का दावा नहीं करूंगा / करूंगी।

10 इस व्यवस्था से नियमित नियुक्ति या अन्य किसी भी कारण से मुझे यदि गेस्ट फैकल्टी के रूप में नहीं बुलाया जाता है तो मेरे द्वारा न्यायिक या प्रशासनिक स्तर पर कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया जायेगा।

Scanned with CamScanner

11 मैं राज्य सरकार/विभाग/संस्थान द्वारा समय समय पर जारी नियमों/निर्देशों का पूर्ण पालन करूंगा/करूंगी।

12 यह कि मुझे केन्द्र सरकार या किसी अन्य राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी अथवा समुचित प्राधिकारी के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी निगम या निकाय अथवा किसी द्वारा पदच्युत नहीं किया गया है तथा नैतिक अधमता अथवा किसी अन्य अपराध के लिए दोष सिद्ध नहीं किया गया है और नहीं कोई आपराधिक प्रकरण न्यायालय में लंबित है।

13 मैंने यह समझ लिया है कि निम्न कार्य कुशलता, दुराचरण, अनियमितता तथा कार्य से अनुपस्थिति की दशा में संस्थान या सक्षम अधिकारी को बिना कारण बताये मुझे गेस्ट फैकल्टी के रूप में निर्मुक्त करने का अधिकार होगा।

14 मैं राजकीय अभिलेख तथा सूचनाओं की गोपनीयता बनाये रखूंगा/रखूंगी तथा इसका उल्लंघन करने पर नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही का उत्तरदायी होउंगा/होउंगी।

15 यह कि मुझे ज्ञात है कि चूंकि यह व्यवस्था प्रति कालांश मानदेय भुगतान पर आधारित है अतः शपथग्रहिता को किसी प्रकार का अवकाश देय नहीं होगा।

शपथग्रहिता

सत्यापन

मैं शपथपूर्वक बयान करता हूँ/करती हूँ कि उपर्युक्त वर्णित बिंदु संख्या 01 से 15 में वर्णित तथ्य/सूचना मेरी जानकारी में सही तथा सत्य है मैंने इनको भलिभांति पढ़ तथा समझ लिया है, मैंने कुछ भी असत्य अंकित नहीं किया है तथा न ही कुछ छिपाया है। यदि भविष्य में कोई सूचना/तथ्य असत्य या अपूर्ण सिद्ध होता है तो मैं स्वयं इसके लिये उत्तरदायी रहूंगा/रहूंगी।

शपथग्रहिता

Scanned with CamScanner

राजस्थान सरकार
कार्मिक (क–ग्रुप–2) विभाग

क्रमांक.एफ. 1(2)डीओपी/ए–II/84 जयपुर, दिनांक : 31.1.2018

अधिसूचना

भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राजस्थान के राज्यपाल, राजस्थान शिक्षा सेवा (महाविद्यालय शाखा) नियम, 1986 को और संशोधित करने के लिए, इसके द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् –

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.–** (1) इन नियमों का नाम राजस्थान शिक्षा सेवा (महाविद्यालय शाखा) (संशोधन) नियम, 2018 है।

(2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **नियम 2 का संशोधन.–** राजस्थान शिक्षा सेवा (महाविद्यालय शाखा) नियम, 1986, जिन्हें इसमें इसके पश्चात् उक्त नियमों के रूप में निर्दिष्ट किया गया है, के नियम 2 में,–

(i) विद्यमान खण्ड (छ) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :–

"(छ) "आयुक्त/निदेशक" से आयुक्त/निदेशक, महाविद्यालय शिक्षा, राजस्थान अभिप्रेत है;";

(ii) विद्यमान खण्ड (झ) के पश्चात् और विद्यमान खण्ड (ञ) से पूर्व, निम्नलिखित नया खण्ड (झझ) अंतःस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :–

"(झझ) "विनियम" से समय–समय पर यथासंशोधित और राज्य सरकार द्वारा यथा अंगीकृत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (शिक्षकों एवं अन्य अकादमिक स्टाफ की विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नियुक्ति संबंधी न्यूनतम अर्हताएं एवं उच्च शिक्षा में मानकों के अनुरक्षण संबंधी उपाय) विनियम, 2010 अभिप्रेत है।

(iii) खण्ड (ढ) में, अंत में अभिव्यक्ति "और" जोड़ी जायेगी; और

L1. 2/2018

Scanned with CamScanner

"39. रिक्त पद पर भर्ती के लिए विशेष उपबन्ध और कार्य–भार.– (1) अधिवार्षिकी, मृत्यु, नये महाविद्यालयों में पदों के सृजन या किसी अन्य कारण से संवर्ग में किसी रिक्ति को जेष्ठता सहायक आचार्य के पद पर सीधी भर्ती द्वारा भरा जायेगा और उस पद को, जो कैरियर उन्नति स्कीम (कै.उ.स्की.) के अधीन सहायक आचार्य से सह–आचार्य और सह–आचार्य से आचार्य पर पदोन्नति के पश्चात् रिक्त हो, सीधी भर्ती द्वारा नहीं भरा जायेगा।

(2) प्राचार्य, आचार्य, सह–आचार्य और सहायक आचार्य का कार्य–भार सरकार द्वारा समय–समय पर यथाविहित मानकों के अनुसार होगा।

11. **अनुसूची–I का प्रतिस्थापन.**– उक्त नियमों से संलग्न विद्यमान अनुसूची–I के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :–

Scanned with CamScanner

"अनुसूची–I

क्र. सं.	पद का नाम	भर्ती की रीति प्रतिशत सहित	सीधी भर्ती के लिए न्यूनतम अर्हता और अनुभव	पद जिससे पदोन्नति/चयन किया जाना है	पदोन्नति/चयन के लिए न्यूनतम अर्हता और अनुभव	टिप्पणियां
1	2	3	4	5	6	7
प्रशासनिक पद						
1	आयुक्त/ निदेशक	100% चयन द्वारा	—	प्राचार्य/ संयुक्त निदेशक	स्तंभ सं. 5 में उल्लिखित पद पर 3 वर्ष का अनुभव।	सरकार किसी भी समय जब स्थिति की ऐसी मांग हो, आयुक्त/निदेशक के पद पर किसी भा.प्र.से. के अधिकारी को नियुक्त कर सकेगी।
अध्यापन पद						
2	महाविद्यालय का प्राचार्य/संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक)	100% चयन द्वारा	—	आचार्य/सह–आचार्य/उप प्राचार्य	(i) आचार्य जो सुसंगत शाखा में पीएच.डी डिग्री रखता हो, प्राचार्य के रूप में पदोन्नति का पात्र होगा।	(i) 75% पद सह–आचार्य/उप प्राचार्यों के पद से भरे जायेंगे और शेष 25% पद उपलब्ध आचार्यों के पद द्वारा भरे जायेंगे।

Scanned with CamScanner

					कार्यक्रम, व्यावहारिक कौशल विकास कार्यक्रम और सकाम विकास कार्यक्रम के प्रवर्गों में से न्यूनतम एक सप्ताह की अवधि का एक पाठ्यक्रम/कार्यक्रम। (iv) अनुसूची–I से संलग्न परिशिष्ट–I की सारणी–I और सारणी II (क) तथा II (ख) में यथाउपबंधित चयन समिति वही होगी जो नियम 23 में यथा विहित है।	
6	सहायक आचार्य (शै.प्रे.वे. 6000)	100% पदोन्नति द्वारा	–	सहायक आचार्य (शै.प्रे.वे. 7000)	विनियमों के खण्ड 6.4. 6 के अनुसार।	
7	सहायक आचार्य (शै.प्रे.वे. 7000)	100% पदोन्नति द्वारा	–	सहायक आचार्य (शै.प्रे.वे. 6000)	विनियमों के खण्ड 6.4.5 के अनुसार।	
8	सहायक आचार्य	100% सीधी	(i) अथवा शैक्षणिक	–	–	–

Scanned with CamScanner

		भर्ती द्वारा	अभिलेख स्वरूप में किसी भारतीय विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री स्तर पर कम से कम 55% अंक (या अंकमान पर समतुल्य ग्रेड जहां कहीं भी ग्रेडिंग प्रणाली अपनायी जाती है), या किसी प्रत्यायित विदेशी विश्वविद्यालय से कोई समतुल्य डिग्री। (ii) उपरोक्त अर्हताओं को पूर्ण			

Scanned with CamScanner

			करने के अतिरिक्त अभ्यर्थी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विज्ञान और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् द्वारा संचालित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रत्यायित समान परीक्षा जैसे स्लेट/सेट उत्तीर्ण हो। (iii) ऐसे अभ्यर्थी			

Scanned with CamScanner

			को, जो या जिन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (पीएच.डी. उपाधि प्रदान करने हेतु न्यूनतम मानदंड और प्रक्रिया) विनियम, 2009 के अनुसार पीएच.डी. डिग्री प्रदान की गयी है, सहायक आचार्य की भर्ती और नियुक्ति के लिए नेट/स्लेट/सेट की न्यूनतम पात्रता शर्त की अपेक्षा से छूट दी जायेगी।			

Scanned with CamScanner

			(iv) शाखाओं के ऐसे स्नातकोत्तर प्रोग्रामो में भी नेट/स्लेट/सेट की अपेक्षा नहीं की जायेगी जिनके लिए नेट/स्लेट/सेट संचालित नहीं की जाती है।			

Scanned with CamScanner